Government Naveen College Bori

ECO-Club

Eco-Club, Govt. Naveen College Bori will focus on the events like EARTH DAY, WORLD WATER DAY, ENVIRONMENT DAY, WILDLIFE, FORESTRY, etc.

REDUCE
REUSE
RECYCLE

Nurture
NATURE for our
FUTURE

Save WATER
Save LIFE

We are not
ENVIRONMENTALISTS
we are EARTH
WARRIORS

S.N.	Date	Event	Number of Participants
1.	**28.08.2025**	**ECO-CLUB-2025-26 का गठन**	**70**
2.	08.09.2025	इको क्लब बैठक	**40**
3.	12.09.2025	वृक्षारोपण	STAF-05 Participants-25
4.	16-09.2025	अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस	
5.	28.09.2025	संक्रमित पौधों में दवाई का छिड़काव	STAF-05 Participants-30
6.	03.12-25-06.12.25	The blossom Boutique	

Sharma
विभागाध्यक्ष
वनस्पति विज्ञान

Signature
Principal
Govt. College, Bori
Dist.-Durg (C.G.)

ECO-CLUB-2025-26 का गठन

शासकीय नवीन महाविद्यालय, बोरी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत 25/08/25 इको क्लब के सुचारु संचालन एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु छात्र पदाधिकारियों का गठन किया गया। इस अवसर पर इको क्लब की संयोजिका डॉ. संगीता देवी शर्मा (वनस्पति विभाग) एवं इको क्लब के सदस्य डॉक्टर मनीषा ठाकुर, डॉक्टर भारती साहू, डॉक्टर नुसरत जहां एवं डॉक्टर आशुतोष साहू के मार्गदर्शन में छात्र पदाधिकारियों का चयन किया गया।

इको क्लब के छात्र पदाधिकारियों का विवरण निम्नानुसार है–

अध्यक्ष - प्रकाश देशमुख, एम.एससी. केमिस्ट्री, तृतीय सेमेस्टर

उपाध्यक्ष - दिव्या निषाद, बी.एससी., तृतीय सेमेस्टर

सचिव- रिया वर्मा B.Com 3rd सेमेस्टर दिलेश्वरी,

सह सचिव- किरण दीलिवार, बी.एससी., प्रथम सेमेस्टर

इको क्लब से संबद्ध प्राध्यापकगण की सूची:

1. डॉ. संगीता देवी शर्मा – इको क्लब प्रभारी प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, बॉटनी
2. डॉ. मनीषा ठाकुर – सह संयोजक, सहायक अध्यापक, रसायन शास्त्र
3. डॉ. भारती साहू – अतिथि सहायक प्राध्यापक, इकोनॉमिक्स
4. डॉ. नुसरत जहाँ – अतिथि सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान
5. डॉ. आशुतोष साहू – अतिथि सहायक प्राध्यापक, कॉमर्स

Sharma
विभागाध्यक्ष
वनस्पति विज्ञान

Signature
Principal
Govt. College, Bori
Dist.-Durg (C.G.)

इको क्लब 2025-26 स्थापना तारीख-

प्रभारी प्राध्यापकों के नाम

1. डॉ संगीता देवी शर्मा (विभागाध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र) - प्रभारी
2. डॉ मनीषा ठाकुर (सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र) - सदस्य
3. डॉ भारती साहू (अतिथि व्याख्याता अर्थशास्त्र) - सदस्य
4. डॉ नुसरत जहां (अतिथि व्याख्याता राजनीतिशास्त्र) - सदस्य
5. डॉ आशुतोष साहू (अतिथि व्याख्याता, वाणिज्य) - सदस्य

सदस्यों के नाम

क्र	विद्यार्थियों का नाम	कक्षा	मोबाइल नं.		
1	प्रकाश देशमुख	M.Sc. III sem	6267578727	अध्यक्ष	
2	दिव्या निषाद	B.Sc. III (Bio)	9303939731	उपाध्यक्ष	Divya
3	रिया वर्मा	B.Com III sem	7974811691	सचिव	Riya
4	किरण दिल्लीवार	B.Sc. I Sem	6267582285	सह सचिव	Kiran
5	टामेश्वरी साहू	B.Sc I Sem	9098588827	सदस्य	
6	टिकेश्वरी	B.Com I sem	8815130751		
7	डिलेश्वरी	B.Sc. I Sem	6267582285	सदस्य	डिलेश्वरी
8	कुसुमलता	B.Sc. III year	8770748063	सदस्य	कुसुमलता
9	पुष्पलता	B.Sc. III Year	6267312924	सदस्य	पुष्पलता
10	दीपिका	B.Sc. III year	6267609403	सदस्य	दीपिका
11	भावना साहू	B.Sc. III year	8889881715	सदस्य	भावना
12	मुस्कान	B.Sc. III year	9244370943	सदस्य	[signature]
13	सोविका	B.Sc III year	9098327443	सदस्य	[signature]
14	आरती	B.Sc III year	8629975912	सदस्य	आरती
15	प्रियंका	B.Sc III year	9575109971	सदस्य	Baby
16	लुकेश्वरी	B.Sc. III year	9340112316	सदस्य	Lukeshwari
17	सुभांषी	B.Sc III year	7898774805	सदस्य	सुभांषी
18	तासु पटेल	B.Sc. III	7223807662	सदस्य	Tashupatel
19	त्रिभुवन कुमार	BSC III sem	7806039985	सदस्य	त्रिभुवन
20	रोशनी निषाद	BSC III sem	7722883927	सदस्य	Roshani
21	उर्वशी वर्मा	BSC III sem	6263153303	सदस्य	Urvashi
22	खुशी साहू	BSC III sem	6268464502	सदस्य	Khushi
23	योमिता साहू	BSc III sem	6267566082	सदस्य	[signature]
24	सौम्या साहू	BSc III Sem	7648016448	सदस्य	[signature]
25	वंदना साहू	BSC II sem	6268900155	सदस्य	[signature]
26	विनिता यादव	B.Sc. III sem	9244649096	सदस्य	Vinita
27	आकांक्षा	BSc III sem	6268055223	सदस्य	आकांक्षा
28	रविशंकर	BSC III sem	7400861153	सदस्य	रविशंकर
29	देवानंद	BSC III Sem	6267590657	सदस्य	देवानंद
30	नूतन लाल साहू	BSc III sem	6261334856	सदस्य	नूतन लाल
31	गुलशन साहू	BSC II sem	9238599981	सदस्य	गुलशन
32	धुर्वेन्द्र साहू	BSc III sem	7804811232	सदस्य	[signature]
33	योगेश कुमार	BSc III sem	6267966314	सदस्य	[signature]
34	प्रेक्षा देशमुख	BSc III Sem	6260104944	सदस्य	Preksha
35	हेमलता देवांगन	BSC III sem	9329597591	सदस्य	Hemlata
36	डॉली धनकर	B.Sc III sem	9977702667	सदस्य	Dolly
37	Monika Sahu	BSC III Sem	7869562269	सदस्य	Monika
38	Priti Patel	BSc III sem	7587764013	सदस्य	Priti
39	Shwati Deshlahre	BSC I sem	9009391342	सदस्य	श्वाति
40	Megha Nirmalkar	BSc I sem	6261437490	सदस्य	मेघा
41	Dileshwari	BSc I sem	6267582285	सदस्य	डिलेश्वरी
42	Gajendra	B.Com III sem	7089651374	सदस्य	गजेन्द्र
43	Tilesh kumar	B.Com III sem	8209167014	सदस्य	तिलेश कुमार
44	Tulsi Das Sahu	B.Com III sem	9343316086	सदस्य	[signature]
45	Sandeep kumar Bole	BCom II sem	7806081020	सदस्य	[signature]
46	Gadam Saw	Bcom I sem	8085701819	सदस्य	[signature]
47	Tarani Yadav	B.Com III sem	9201661291	सदस्य	Tarani
48	Jamini Sahu	B.Com III sem	6267700149	सदस्य	Jamini
49	Danika gaswami	B.Com III sem	9303027884	सदस्य	[signature]

Sharma
विभागाध्यक्ष
वनस्पति विज्ञान

Signature
Principal
Govt. College, Bori
Dist.-Durg (C.G.)

	Name	Class	Mob. No		
50	B.Com Swati Patel	B.Com III Sem	8319579178	सदस्य	[signature]
51.	Sulochani Yadav	B.com III sem	9244008184	सदस्य	Sulochani
52.	YAMNI Nishad	B.Com III sem	9893044644	सदस्य	Yamni
53.	Harsh Dingade	B.Com I sem	7489641969	सदस्य	[signature]
54.	Yashoda	B.COM III Sem	7803956832	सदस्य	यशोदा
55	Yogeshwari	B.com (III) sem	6261479671	सदस्य	योगेश्वरी
56.	Yuvraj	B.com II sem	9202866857	सदस्य	Yuvraj
57.	Harsh Vishnu	B.Com I sem	8839[illegible]153292	सदस्य	Harsh
58	प्रियंका साहू	B.A. III sem	7400720260	सदस्य	प्रियंका साहू
59	Mamta patel	B.A. III sem.	9302189532	सदस्य	Mamta
60	Dileshwari	B.A. III Sem	6265455416	सदस्य	Dileshwari
61	Shweta	B.A III sem	7805048853	सदस्य	श्वेता
62	यशोदा	B.A. III sem	9993791162	सदस्य	यशोदा
63	मोहिनी	B.A. III sem	9098838531	सदस्य	मोहिनी
64	प्रतिभा	B.A III Sem	9303149464	सदस्य	Pratibha
65	मोहिनी	B.A. III Sem	8463858246	सदस्य	Mohini
66	दीपिका वर्मा	B.A. I sem	8439097684	सदस्य	Deepa
67	किशन पटेल	B. A I sem	9301473587	सदस्य	किशन
68	पुम्मन लाल	B.A I sem	6268207185	सदस्य	पुम्मनलाल
69	तोमेश्वरी	B.A I Sem	6267602884	सदस्य	तोमेश्वरी
70	ऋषभ पटेल	B A. III	6266875815	सदस्य	Rishabh

Sharma
(Dr. Sangita Devi Sharma)

इको क्लब बैठक 2025-26

दिनांक 8 सितंबर 2025 को महाविद्यालय में इको क्लब की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में इको क्लब के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक की संयोजक डॉ. संगीता देवी रहीं। बैठक के दौरान इको क्लब द्वारा वर्ष भर में आयोजित एवं प्रस्तावित सभी गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य इको क्लब गतिविधियों का विस्तृत लेखा-जोखा तैयार किया गया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी निर्धारित की गई। बैठक में महाविद्यालय परिसर में बोटैनिकल गार्डन (वनस्पति उद्यान) की स्थापना तथा उसके लिए भूमि की तैयारी के संबंध में विशेष चर्चा की गई। सदस्यों द्वारा पौधों के चयन, भूमि समतलीकरण एवं रख-रखाव से जुड़े सुझाव प्रस्तुत किए गए। डॉ. संगीता देवी द्वारा सभी सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

Sharma
विभागाध्यक्ष
वनस्पति विज्ञान

Signature
Principal
Govt. College, Bori
Dist.-Durg (C.G.)

संक्रमित पौधों में दवाई छिड़काव कार्यक्रम 2025-26

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में दिनांक 28 सितंबर को इको क्लब के तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में संक्रमित पौधों में दवाई का छिड़काव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पौधों को रोगमुक्त कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. संगीता देवी शर्मा रहीं, जिनके मार्गदर्शन में इको क्लब के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर नूतन लाल साहू, पायल पटेल एवं उनके अन्य साथियों द्वारा पौधों की पहचान कर उनमें उपयुक्त दवाइयों का छिड़काव किया गया। डॉ. संगीता देवी शर्मा ने विद्यार्थियों को पौधों में होने वाले सामान्य रोगों, उनके कारणों तथा रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की देखभाल के प्रति जागरूकता उत्पन्न हुई।

Sharma
विभागाध्यक्ष
वनस्पति विज्ञान

Signature
Principal
Govt. College, Bori
Dist.-Durg (C.G.)

इको क्लब-वृक्षारोपण कार्यक्रम 2025-26

शासकीय नवीन महाविद्यालय, बोरी में दिनांक 12 सितंबर 2025 को इको क्लब के सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर वृक्षारोपण का प्रमुख विषय "एक पेड़ माँ के नाम" रखा गया, जो मातृत्व के सम्मान एवं प्रकृति संरक्षण के भाव को दर्शाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमरतैल द्वारा की गई। इको क्लब की प्रभारी डॉ. संगीता देवी शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। अपने अध्यक्षीय उदबोधन में प्राचार्य डॉ. कमर तलत ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में इको क्लब की प्रभारी डॉ. संगीता देवी शर्मा ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

Sharma
विभागाध्यक्ष
वनस्पति विज्ञान

Signature
Principal
Govt. College, Bori
Dist.-Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय नवीनमहाविद्यालय–बोरी,जिला–दुर्ग (छ.ग.)

NAAC Accredited "B" Grade
www.govtcollegebori.com
Email-govtcollegebori@gmail.com
College Code - 1609

बोरी, दिनांक 01/12/2025

// सूचना //

महाविद्यालय के समस्त छात्र– छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय <u>वनस्पति विज्ञान विभाग एवं इको क्लब</u> के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 03.12.2025 से 06.12.2025 तक वर्कशाप/कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसका शीर्षक है– **"The Blossom Boutique"**

उपरोक्त वर्कशाप/कार्यशाला में विद्यार्थियों को निम्नलिखित विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

1	बोनसाई के लिए मिट्टी तैयार करना	– 03-12-2025
2	बोनसाई तैयार करना	– 04-12-2025
3	ग्राफ्टिंग करना	– 05-12-2025
4	वनस्पति विज्ञान में नवाचार कोकेडोमा	– 05-12-2025
5	गर्मी में मिट्टी में नमी की मात्रा को मेंटेन करना	– 06-12-2025
6	वेस्ट वाटर से प्लांटर बनाना	– 06-12-2025

समय – **1:00** से **2:00** तक

स्थान - महाविद्यालय प्रांगण

इच्छुक छात्र छात्राएं अपना नाम डॉ. संगीता देवी शर्मा विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान के पास दिनांक 2.12.2025 तक लिखवा देवे ।

Sharma
विभागाध्यक्ष
वनस्पति विज्ञान

प्राचार्य
शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी
जिला –दुर्ग (छ.ग.)

चार दिवसीय कार्यशाला - The blossom Boutique

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में दिनांक 3 दिसंबर 2025 से 6 दिसंबर 2025 तक चार दिवसीय कार्यशाला “The blossom Boutique” का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला वनस्पति विज्ञान विभाग एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को वनस्पति विज्ञान के व्यावहारिक, नवाचारी एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कमर तलत द्वारा की गई। कार्यशाला की संयोजक डॉ. संगीता शर्मा रहीं, जिनके कुशल मार्गदर्शन में कार्यशाला का संचालन अत्यंत सफलतापूर्वक किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विषय के विद्यार्थियों के साथ-साथ इको क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। *इस कार्यशाला की सबसे विशेष और नवाचारी विशेषता यह रही कि इसमें बोनसाई बनाने से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ बाहरी विशेषज्ञों के बजाय महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्रों द्वारा स्वयं सिखाई और प्रदर्शित की गईं। इससे सहभागिता, आत्मनिर्भरता एवं सहयोगात्मक शिक्षण को बढ़ावा मिला।*

कार्यशाला के प्रारंभ में छात्रों एवं प्राध्यापकों ने मिलकर बोनसाई की अवधारणा, उसका ऐतिहासिक महत्व, पर्यावरणीय उपयोगिता तथा सौंदर्यात्मक पक्ष पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात चरणबद्ध तरीके से बोनसाई निर्माण की प्रक्रिया समझाई गई, जिसमें उपयुक्त पौधे का चयन, गमले की तैयारी, मिट्टी का मिश्रण, जड़ों की छंटाई, तारों द्वारा शाखाओं को आकार देना तथा नियमित देखभाल जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। कार्यशाला के दौरान छात्रों ने स्वयं आगे बढ़कर प्रायोगिक प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) किया, जबकि प्राध्यापकों ने उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन, सुधारात्मक सुझाव एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान किया। इस सहभागिता से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सीखने की रुचि का विकास हुआ।

Sharma
विभागाध्यक्ष
वनस्पति विज्ञान

Signature
Principal
Govt. College, Bori
Dist.-Durg (C.G.)

कार्यशाला की प्रमुख गतिविधियाँ

चार दिवसीय कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया। प्रमुख गतिविधियाँ निम्नलिखित रहीं–

Day-01

बोनसाई हेतु मिट्टी की तैयारी

इस कार्यशाला में बोनसाई पौधों हेतु उपयुक्त मिट्टी तैयार करने की विधि की जानकारी महाविद्यालय की छात्रा कुमारी तासु पटेल (बी.एससी. फाइनल) द्वारा व्यावहारिक रूप से दी गई। उन्होंने विभिन्न घटकों के मिश्रण द्वारा मिट्टी तैयार करने की प्रक्रिया को सरल ढंग से समझाया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राएँ अत्यंत उत्सुक एवं जिज्ञासु दिखाई दिए तथा उन्होंने प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक सीखा।

AGRIFIELDEA
बोनसाई
(Bonsai)
शासकीय नवीन महाविद्यालय, बोरी
J.B.S. - 2024-25-07
J.B.S. 2024-25 08
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)
DEPARTMENT
BOTANY

4 Days WORK SHOP
Blossum Boutique
J.B.S. - 2024-25-07
J.B.S. 2024-25 08
Govt. Naveen College Bori
Dist. Durg (C.G.)
DEPARTMENT
BOTANY

बोनसाई
शासकीय नवीन
महाविद्यालय, बोरी
जिला- दुर्ग (छ.ग.)

Day-02

बोनसाई निर्माण प्रशिक्षण

इस कार्यशाला के दूसरे दिन महाविद्यालय की छात्रा कुमारी तासू पटेल बी.एससी. तृतीय वर्ष द्वारा विद्यार्थियों को बोंसाई कला की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बोंसाई पौधे तैयार करने की विधि, पौधों की कटाई-छँटाई, तार बाँधने की तकनीक तथा उचित देखभाल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों में बोंसाई तकनीक से पौधे तैयार करने को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा बोंसाई निर्माण की कला को सीखने में गहरी रुचि दिखाई। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

4 Days WORK SHOP
Blossum Boutique
J.B.S. - 2024-25 07
Govt. Naveen C
Dist. Durg

Day-03

ग्राफ्टिंग (कलम लगाना)

कार्यशाला के तीसरे दिन महाविद्यालय के छात्र नूतन लाल साहू एवं पायल पटेल द्वारा पौधों में ग्राफ्टिंग (कलम लगाना) की विधि को सरल एवं व्यावहारिक ढंग से समझाया गया। उन्होंने बताया कि ग्राफ्टिंग एक महत्वपूर्ण वनस्पति प्रवर्धन तकनीक है, जिसके माध्यम से उत्तम गुणवत्ता एवं अधिक उत्पादन वाले पौधे तैयार किए जा सकते हैं। इस अवसर पर छात्रों ने जाम तथा गुलाब के पौधों में ग्राफ्टिंग की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से करके दिखाया। उन्होंने पौधों के चयन तथा कट लगाने की विधि ग्राफ्टिंग के बाद पौधे की देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों ने इस प्रयोगात्मक प्रदर्शन को बड़े उत्साह के साथ देखा और तकनीक से संबंधित उपयोगी जानकारी प्राप्त की। यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।

End Cleft

Day-04

कोकेडमा तकनीक

बिना गमले के पौधे उगाने की जापानी तकनीक कोकेड़मा के बारे में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. मनीषा ठाकुर (रसायन शास्त्र) द्वारा बताया गया तथा विद्यार्थियों को कोकेडामा (Kokedama) विधि से पौधे तैयार करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डॉ. मनीषा ठाकुर ने कोकेडामा की अवधारणा, आवश्यक सामग्री तथा पौधे तैयार करने की चरणबद्ध विधि को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं कोकेडामा पौधे तैयार किए, जिससे उनमें विशेष उत्साह एवं जिज्ञासा देखने को मिली। यह गतिविधि न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाली रही, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक नवीन एवं रचनात्मक अनुभव भी सिद्ध हुई। कार्यशाला का यह अंतिम दिवस अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।

गर्मी में मिट्टी की नमी बनाए रखने की विधियाँ

इस कार्यशाला के चौथे दिन बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी श्री नूतन लाल साहू द्वारा गर्मी के मौसम में मिट्टी की नमी बनाए रखने की विभिन्न प्रभावी विधियों की जानकारी दी गई। उन्होंने मल्चिंग, जैविक पदार्थों के उपयोग, उचित सिंचाई तकनीक एवं जल संरक्षण उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिससे विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।

वेस्ट वाटर बोतल से प्लांटर निर्माण

महाविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं पुनः उपयोग (Reuse) की भावना को बढ़ावा देने हेतु विद्यार्थियों द्वारा पुरानी प्लास्टिक बोतलों (वेस्टिवाटर बोतल) से

सुंदर एवं आकर्षक प्लांटर का निर्माण किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य प्लास्टिक अपशिष्ट के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्रों ने अनुपयोगी प्लास्टिक बोतलों को एकत्रित कर उन्हें साफ किया तथा विभिन्न आकार-प्रकार में काटकर रंगों से सजाया। इन बोतलों को प्लांटर के रूप में रूपांतरित कर उनमें सजावटी एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं कलात्मकता इस कार्य में स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस पहल से न केवल महाविद्यालय परिसर की सुंदरता में वृद्धि हुई, बल्कि छात्रों में "वेस्ट से बेस्ट" की भावना भी विकसित हुई। यह गतिविधि पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत विकास की दिशा में एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुई। अंत में, यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए सीखने का एक महत्वपूर्ण अनुभव रहा और भविष्य में भी ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यों के लिए प्रेरणादायक बना।

समापन एवं निष्कर्ष

चार दिवसीय "दी ब्लॉसम बुटीक कार्यशाला" विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुई। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों में न केवल वनस्पति विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं आत्मनिर्भरता की भावना भी विकसित हुई। *इस कार्यशाला की सबसे विशेष और नवाचारी विशेषता यह रही कि इसमें बोनसाई बनाने से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ बाहरी विशेषज्ञों के बजाय महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्रों द्वारा स्वयं सिखाई और प्रदर्शित की गईं। इससे सहभागिता, आत्मनिर्भरता एवं सहयोगात्मक शिक्षण को*

बढ़ावा मिला। अंत में सभी प्रतिभागियों ने भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

Sharma
विभागाध्यक्ष
वनस्पति विज्ञान

Signature
Principal
Govt. College, Bori
Dist.-Durg (C.G.)

Sharma
विभागाध्यक्ष
वनस्पति विज्ञान

Sharma

विभागाध्यक्ष

वनस्पति विज्ञान